Statement

Stock of wheat procured by FCI and other agencies during 1992-93, 1993-94 *and* 1994-95

(In '000 Tonnes)

State	1992-93	1993-94	1994-95
Punjab	4468	6495	7285
Haryana	1372	3454	3046
U. P.	497	2127	1406
Rajasthan	22	496	65
Chandigarh	..	Neg.	..
H. P.	..	1	Neg.
Delhi	..	20	..
M. P.	Neg.	242	66
TOTAL :	6379	12835	11868

Neg.—Below 500 MT.

गुजरात में बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या

925. **श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी :** क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 अक्तूबर, 1994 की स्थिति के अनुसार गुजरात के भरूच, बडोदरा, सूरत और पंचमहल जिलों में बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या कितनी थी और उनका वर्ग-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) 31 अक्तूबर, 1990, 1991, 1992 और 1993 की स्थिति के अनुसार इन जिलों में बेरोजगार युवकों की वर्षवार संख्या कितनी-कितनी थी ;

(ग) क्या सरकार ने उन बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये कोई प्रभावशाली कदम उठाये हैं ;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है ?

श्रम मंत्री (श्री पी. ए. संगमा) : (क) सूचना संलग्न विवरण में निहित है (**नीचे देखिए**)

(ख) सूचना संलग्न विवरण–II में निहित है (**नीचे देखिए**)

(ग) तथा (घ) किसी भी राज्य में, इसी प्रकार गुजरात में भी, आमतौर पर रोजगार राज्य के विकास की गति तथा ढांचे पर निर्भर करता है, जिसके लिए राज्य सरकार उत्तरदायी है । केन्द्र सरकार, केन्द्र प्रायोजित/केन्द्रीय क्षेत्रक विशेष रोज़-

गार कार्यक्रमों जिनमें से महत्वपूर्ण कार्यक्रम हैं :—

(i) केन्द्र प्रायोजित एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम (आई आर डी पी), जवाहर रोजगार योजना (जे आर वाई), नेहरु रोजगार योजना (एन आर वाई) तथा रोजगार आश्वासन योजना (ईए एस) तथा (ii) शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए स्व-रोजगार हेतु केन्द्रीय क्षेत्रक विशिष्ट रोजगार योजना तथा प्रधान मंत्री रोजगार योजना (पी एम आर वाई), के माध्यम से रोजगार अवसरों के सर्जन में, राज्य सरकार के प्रयासों में सहायता करती है ।

राज्य सरकार ने रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निम्नलिखित विशेष उपाय किए हैं :—

1. औद्योगिक भारती मेला के माध्यम से राज्य सरकार, गैर-सरकारी क्षेत्र में अत्यधिक संख्या में नयुक्तियों के अवसर प्रदान कर रही है ।

2. राज्य सरकार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों हेतु भर्ती में प्राथमिकता एवं आरक्षण प्रदान कर रही है तथा निजी क्षेत्र में शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों को 1% आरक्षण भी प्रदान कर रही है ।

3. गुजरात राज्य में शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों एवं अनुसूचित जन-जाति के उम्मीदवारों हेतु विशिष्ट रोजगार कार्यालय कार्य कर रहे हैं ।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

विवरण

31 अक्तूबर, 1994 की स्थिति के अनुसार गुजरात राज्य के भड़ौच, बड़ौदा, पंचमहल एवं सूरत जिलों में श्रेणीवार चालू रजिस्टर ।

श्रेणी	जिलों के नाम			
	भड़ौच	बड़ौदा	सूरत	पंचमहल
अनुसूचित जाति . .	3816	13696	6125	5766
अनुसूचित जनजाति . .	8215	13728	15178	13225
एस०ई०बी०सी० . .	3364	7295	7295	7668
सामान्य . . .	15953	54079	17234	23100
शारीरिक रूप से विकलांग .	186	1191	585	483
(सभी श्रेणियों में)				

विवरण II

गुजरात राज्य के भड़ौच, बड़ौदा, पंचमहल एवं सूरत जिलों में श्रेणीवार बालू रखिःटर

श्रेणी	31 अक्तूबर की स्थिति अनुसार संख्या				
	1990	1991	1992	1993	1994
जिला भड़ौच					
अनुसूचित जाति	3615	3614	3840	3766	3816
अनुसूचित जनजाति	8107	8961	9455	8637	8215
एस०ई०बी०सी०	3063	3173	3406	3316	3364
सामान्य	20414	19164	19115	17594	15853
शा०वि० (सभी श्रेणियों में)	180	221	256	274	186
जिला बड़ौदा					
अनुसूचित जाति	13132	14134	14957	14689	13696
अनुसूचित जनजाति	10537	12162	13856	14514	13728
एस०ई०बी०सी०	6051	6708	7203	7111	7205
सामान्य	56645	59038	59909	56704	54079
शा०वि० (सभी श्रेणियों में)	1009	1050	1150	1213	1191
जिला पंचमहल					
अनुसूचित जाति	4241	4390	4966	6075	5766
अनुसूचित जन जाति	10619	12420	14008	15068	13225
एस०ई०बी०सी०	5204	5949	7430	8375	7668
सामान्य	25797	25133	26693	25719	23100
शा०वि० (सभी श्रेणियों में)	364	338	430	446	483
जिला सूरत					
अनुसूचित जाति	5182	5487	5968	6202	6125
अनुसूचित जन जाति	12564	14302	15801	15542	15178
एस०ई०बी०सी०	6282	6787	7383	7946	7295
सामान्य	15537	16367	16850	18500	17234
शा०वि० (सभी श्रेणियों में)	378	408	500	577	565